दैनिक भास्कर | जमशेदपुर | जमशेदपुर, रविवार, 1 फरवरी, 2026 | 03

# फाइनल क्रिकेट मैच में यमुना हाउस को हरा कर दामोदर 18 रनों से जीता

भास्कर न्यूज़ | चाईबासा



इस्टीम पब्लिक स्कूल द्वारा दो दिवसीय इंटर-हाउस खेल महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. मनोज कुमार झा, विद्यालय के चेयरमैन रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में डॉ. झा ने कहा कि "खेल न केवल शारीरिक विकास में सहायक हैं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को भी विकसित करते हैं। साथ ही विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास को भी बढ़ावा देना है।

वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य टी. कुमार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शारीरिक विकास के बिना शिक्षा अधूरी है और खेलकूद विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का अनिवार्य अंग है। उन्होंने बताया कि नियमित खेल गतिविधियों से न केवल शरीर स्वस्थ रहती है, बल्कि मानसिक संतुलन, अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का भी विकास होता है। पहले दिन की आरंभ इंटर-हाउस फाइनल फुटबॉल मैच के साथ किया गया, जिसमें दामोदर और गंगा हाउस के बीच खेले गए मैच में गंगा हाउस ने 1-0 से फुटबॉल मैच को जीत लिया। वहीं दिन के दूसरे सत्र में इंटर-हाउस फाइनल क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। दामोदर और यमुना हाउस के बीच खेले गए फाइनल क्रिकेट मैच में दामोदर हाउस ने 18 रनों से शानदार जीत हासिल किया। दो दिवसीय खेल के दूसरे दिन पहले सत्र में इंटर-हाउस फाइनल गर्ल्स बैडमिंटन मैच का आयोजन गंगा और यमुना हाउस के बीच किया गया। जिसमें यमुना हाउस 2-1 से जीत हासिल की। वहीं दूसरे सत्र में इंटर-हाउस फाइनल वॉलीबॉल मैच का आयोजन गंगा और स्वर्णरेखा हाउस के बीच हुआ, जिसमें स्वर्णरेखा हाउस 2-0 से जीता। फुटबॉल एवं क्रिकेट मुकाबलों में रोमांचक प्रदर्शन देखने को मिला, वहीं बैडमिंटन और वॉलीबॉल में खिलाड़ियों की फुर्ती और समन्वय ने दर्शकों का मन मोह लिया।

4 दैनिक जागरण जमशेदपुर, 1 फरवरी, 2026 कोल्हान जागरण

# इस्टीम पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस खेल महोत्सव के विजेता-उपविजेता पुरस्कृत



विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते चेयरमैन डा. मनोज कुमार झा • जागरण

जासं, चाईबासा : इस्टीम पब्लिक स्कूल की ओर से दो दिवसीय इंटर हाउस खेल महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। खेल महोत्सव के तहत फुटबाल, क्रिकेट, बैडमिंटन एवं वालीबाल जैसी विभिन्न खेलों की फाइनल प्रतियोगिताएं हुईं। मुख्य अतिथि विद्यालय के चेयरमैन डा. मनोज कुमार झा उपस्थित थे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर खेल महोत्सव का शुभारंभ किया तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य टी. कुमार ने कहा कि शारीरिक विकास के बिना शिक्षा अधूरी है और खेलकूद विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का अनिवार्य हिस्सा है। खेल महोत्सव के पहले दिन इंटर हाउस फाइनल फुटबाल मैच दामोदर व गंगा हाउस के बीच खेला गया, जिसमें गंगा हाउस ने 1-0 से जीत दर्ज की। दामोदर एवं यमुना हाउस के बीच खेले गए फाइनल क्रिकेट मैच में दामोदर हाउस ने 18 रनों से शानदार जीत हासिल की। दूसरे दिन पहले सत्र में गंगा एवं यमुना हाउस के बीच इंटर हाउस फाइनल गर्ल्स बैडमिंटन मैच खेला गया, जिसमें यमुना हाउस ने 2-1 से जीत दर्ज की। दूसरे सत्र में गंगा एवं स्वर्णरेखा हाउस के बीच खेले गए फाइनल वॉलीबॉल मैच में स्वर्णरेखा हाउस ने 2-0 से जीत हासिल की।

हिन्दुस्तान जमशेदपुर, रविवार, 1 फरवरी 2026 11

# इस्टीम स्कूल में इंटर-हाउस खेल महोत्सव

**चाईबासा**। इस्टीम पब्लिक स्कूल द्वारा दो दिवसीय इंटर-हाउस खेल महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस खेल उत्सव में फुटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन एवं वॉलीबॉल जैसी विभिन्न खेलों का फाइनल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. मनोज कुमार झा, विद्यालय के चेयरमैन रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। पहले दिन की आरंभ इंटर-हाउस



विजेताओं को पुरस्कृत करते अतिथि। ● हिन्दुस्तान

फाइनल फुटबॉल मैच के साथ किया गया जिसमें दामोदर और गंगा हाउस के बीच खेले गए मैच में गंगा हाउस ने 1-0 से फुटबॉल मैच को जीत लिया। वही दिन के दूसरे सत्र में इंटर-हाउस फाइनल क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। दामोदर और यमुना हाउस के बीच खेले गए फाइनल क्रिकेट मैच में दामोदर हाउस ने 18 रनों से शानदार जीत हासिल किया। दो दिवसीय खेल के दूसरे दिन पहले सत्र में इंटर-हाउस फाइनल गर्ल्स बैडमिंटन मैच का आयोजन गंगा और यमुना हाउस के बीच किया गया, जिसमें यमुना हाउस 2-1 से जीत हासिल किया। वहीं दूसरे सत्र में इंटर-हाउस फाइनल वॉलीबॉल का आयोजन गंगा और स्वर्णरिखा हाउस के बीच किया गया, जिसमें स्वर्णरिखा हाउस 2-0 से जीत हासिल किया। फुटबॉल एवं क्रिकेट मुकाबलों में रोमांचक प्रदर्शन देखने को मिला।

प्रभात खबर
जमशेदपुर, रविवार 01.02.2026 02
prabhatkhabar.com

# चाईबासा: फुटबॉल में गंगा और क्रिकेट में दामोदर हाउस विजेता





**चाईबासा.** इस्टीम पब्लिक स्कूल ने दो दिवसीय इंटर-हाउस खेल महोत्सव का आयोजन किया. इसमें फुटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन एवं वॉलीबॉल जैसी प्रतियोगिताएं हुईं. मुख्य अतिथि विद्यालय के चेयरमैन डॉ. मनोज कुमार झा रहे. प्रधानाचार्य टी कुमार ने कहा कि शारीरिक विकास के बिना शिक्षा अधूरी है. फुटबॉल में गंगा हाउस ने दामोदर हाउस को 1-0 से हराया. वहीं क्रिकेट में दामोदर हाउस ने 18 रनों से यमुना हाउस को हराया. गर्ल्स बैडमिंटन में यमुना हाउस ने 2-1 से गंगा हाउस को हराया. वॉलीबॉल में स्वर्णरिखा हाउस ने गंगा हाउस को 2-0 से हराया.